<u>जनपद बाराबंकी</u>

दिनांक- 27.04.2025

थाना फतेहपुर पुलिस द्वारा चोरी की 08 घटनाओं का अनावरण कर 03 शातिर चोरों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे/निशादेही से चोरी के आभूषण, 03 अदद बैट्री, खाद व नगदी बरामद-

पुलिस अधीक्षक बाराबंकी श्री अर्पित विजयवर्गीय द्वारा जनपद में चोरी की घटनाओं/अपराध पर प्रभावी नियंत्रण लगाने एवं संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 27.04.2025 को थाना फतेहपुर पुलिस द्वारा मैनुअल इंटेलीजेन्स की मदद से अभियुक्तगण 1. अर्जुन कश्यप पुत्र रामस्वरूप 2. अंकित कश्यप पुत्र शिवराज कश्यप 3. आकाश कश्यप पुत्र रामकिशुन कश्यप निवासीगण ग्राम गोड़ियन पुरवा थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी को एसके कोल्ड स्टोर ग्राम भदनेवा के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे/निशांदेही पर चोरी की 01 जोड़ी पायल सफेद धातु , 02 जोड़ी बिछिया सफेद धातु, 03 अदद बैट्री, 01 बोरी डीएपी खाद, 01 अदद कीटनाशक शीशी व 3,320/- रूपये नगद बरामद किया गया।

अभियुक्तगण का एक संगठित गिरोह है जो रेकी करने के पश्चात ग्राम/कस्बों में घरों/दुकानों आदि को चिन्हित कर चोरी की घटना कारित करते हैं । अभियुक्तगण ने करीब दो माह पूर्व कस्बा इसरौली में तेल पेरने की दुकान में चोरी किया था। साथ ही करीब 20 दिन पूर्व ग्राम बसारा में स्थित पंचायत भवन में, एक सप्ताह पूर्व ग्राम इसरौली मुण्डेरी रोड स्थित खाद व दवा की दुकान में, करीब 04 दिन पूर्व वारिस नगर रोड पर ग्राम मोहद्दीपुर के खाद की दुकान में, करीब 02 दिन पूर्व वारिस नगर में ई-रिक्शा से बैट्री चोरी, 03 माह पहले प्रधान मार्केट में, करीब 01 माह पूर्व ग्राम पाल पाटन स्थित खेत से मोटर चोरी व 01 माह पूर्व कस्बा फतेहपुर में यूनियन बैंक के पास से 01 महिला का पर्स चोरी किया गया था। उक्त घटनाओं के सम्बन्ध में थाना फतेहपुर पर 08 अभियोग पंजीकृत है।

<u>नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण-</u>

1. अर्जुन कश्यप पुत्र रामस्वरूप निवासी ग्राम गोड़ियन पुरवा थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी
2. अंकित कश्यप पुत्र शिवराज कश्यप निवासी ग्राम गोड़ियन पुरवा थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी
3. आकाश कश्यप पुत्र रामकिशुन कश्यप निवासी ग्राम गोड़ियन पुरवा थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी

<u>बरामदगी-</u>

1. एक जोड़ी पायल सफेद धातु
2. दो जोड़ी बिछिया सफेद धातु
3. तीन अदद बैट्री,
4. एक अदद बोरी डीएपी खाद
5. 01 अदद कीटनाशक शीशी
6. 3,320/- रूपये नगद

<u>अनावरित अभियोगः-</u>

1. मु0अ0सं0 87/2025 धारा 305(a)/331(4) बीएनएस थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी
2. मु0अ0सं0 289/2025 धारा 305(a)/331(4) बीएनएस थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी
3. मु0अ0सं0 311/2025 धारा 305(a)/331(4) बीएनएस थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी
4. मु0अ0सं0 310/2025 धारा 305(a) बीएनएस थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी
5. मु0अ0सं0 316/2025 धारा 303(2) बीएनएस थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी

6. मु0अ0सं0 101/2025 धारा 303(2) बीएनएस थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी
7. मु0अ0सं0 227/2025 धारा 303(2) बीएनएस थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी
8. मु0अ0सं0 204/2025 धारा 303(2) बीएनएस थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी

पुलिस टीम-

1.प्रभारी निरीक्षक श्री धीरेन्द्र कुमार सिंह थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी
2.उ0नि0 श्री मृदुल मयंक पाण्डेय, उ0नि0 श्री हरिश्चन्द्र, उ0नि0 संजय कुमार
3.हे0का0 नसीम खां, हे0का0 श्याम सिंह,
4.का0 हरेन्द्र यादव,का0 अर्जुन सिंह